कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 05-01-2025

विषय:- पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा शहर क्षेत्र का भ्रमण कर यातायात व्यवस्था का किया गया निरीक्षण, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश।

- **नरिया की तरफ से बीएचयू मालवीय चौराहा होते हुए रविदास गेट की तरफ जाने वाले वाहनों हेतु मालवीय चौराहे पर प्लास्टिक की स्प्रिंग पोस्ट लगाकर लेफ्ट लेन फ्री कराया गया है, जहाँ बिना रूके आमजनमानस अपने वाहन लेकर रविदास गेट की तरफ जा सकते हैं।**
- **महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत कैण्ट स्टेशन के पास स्थित नगर निगम के पुराने मालगोदाम को महापौर वाराणसी से वार्ता कर ई-रिक्शा व ऑटो स्टैण्ड के रूप में उपयोग में लाया जायेगा।**
- **महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत रोडवेज बस स्टैण्ड से निकलने वाली बसें धर्मशाला तिराहे की तरफ न जाकर रोडवेज बस स्टैण्ड से लकड़मण्डी होते हुए चौकाघाट-लहरतारा ओवरब्रिज से पास कराया जायेगा एवं वापसी में आने वाली बसें भी चौकाघाट-लहरतारा पुल के ऊपर से आकर लकड़मण्डी होते हुए रोडवेज बस स्टैण्ड पर आयेंगी। इसे प्रायोगिक तौर पर मंगलवार से लागू किया जायेगा।**
- **अतिक्रमण हटाये गये स्थानों पर अतिक्रमण की न हो पुनरावृत्ति, अतिक्रमण हटाये गये स्थलों पर चेतावनी बोर्ड व बैरिकेट लगाकर की जाए नियमित निगरानी।**

आज दिनांक 05.01.2025 को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा शहर क्षेत्र का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा यातायात संचालन व्यवस्था व अतिक्रमण के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यातायात के दृष्टिगत महत्वपूर्ण स्थानों अन्धापुल, रोडवेज बस स्टैण्ड, कैण्ट रेलवे स्टेशन, लहरतारा, मण्डुवाडीह चौराहा, बी0एल0डब्लू0, भिखारीपुर, नरिया, मालवीय गेट बीएचयू, सेन्ट्रल जेल तिराहा आदि स्थानों/मार्गो का निरीक्षण कर, यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने और अवैध पार्किंग जैसी समस्याओं पर विशेष ध्यान दिये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के आसपास सड़कों पर वाहनों की बेतरतीव पार्किंग कर यातायात में बाधा उत्पन्न करने वालो वाहनों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही किये जाने व गाड़ियों को व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के पार्किंग में ही पार्क कराये जाने हेतु सम्बन्धिक को निर्देशित किया गया। इस दौरान अपर पुलिस उपायुक्त यातायात श्री राजेश कुमार पाण्डेय, सहायक पुलिस आयुक्त यातायात व सम्बन्धित थाना प्रभारी/यातायात निरीक्षक/चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस आयुक्त,
वाराणसी।